
# आतंक का प्रचार अब नहीं चलेगा

## सिन्हा बोले देशद्रोही बयानबाज़ी पर सख्त कार्रवाई

- दोषियों पर होगी कानूनी कार्रवाई
- हेल्पलाइन से जुड़ेंगे पीड़ित परिवार



**श्रीनगर, 13 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में आतंकवाद के दुष्प्रचार को वैधता प्रदान करने की कोशिश करने वालों की रविवार को कड़ी आलोचना की. उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशासन पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों की बातें दोहराने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा.**

सिन्हा बारामूला जिले में आतंकवाद के कारण जान गंवाने वाले 40 लोगों के परिजनों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद एक समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अपनी बात कहने का अधिकार देता है, लेकिन यह किसी को भी राष्ट्र की अखंडता से समझौता करने के लिए इस अधिकार का उपयोग करने की अनुमति नहीं देता है. अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वालों पर सीधा निशाना साधते हुए सिन्हा ने कहा, कुछ लोग खुलेआम टीआरएफ और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों की भाषा बोल रहे हैं. यह अभिव्यक्ति की आज़ादी नहीं, बल्कि देश के साथ विश्वासघात है. ऐसे कृत्यों को बख्शा नहीं जाएगा. किसी का नाम लिए बिना उन्होंने कुछ चुनिंदा लोगों पर पाकिस्तान के आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, वे आतंकवाद को ऑक्सीजन और खाद दे रहे हैं. मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अब बहुत हो गया. मुझे जम्मू-कश्मीर के लोगों द्वारा दिखाया गया साहस मुझे शक्ति देता है. बाईस अप्रैल के बाद पहली बार आम नागरिक पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं. यही कश्मीर की असली आवाज़ है जो कश्मीर को आतंक मुक्त बनाना चाहती है. उन्होंने कहा कि दुष्प्रचार कर अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उपराज्यपाल ने आतंकवाद से प्रभावित परिवारों को न्याय, रोजगार और पहचान दिलाने का भी संकल्प लिया. सिन्हा ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि इन परिवारों को न्याय, नौकरी, मान्यता और सहयोग मिले जिसके वे वर्षों की पीड़ा के बाद हकदार हैं. जम्मू-कश्मीर के हजारों निर्दोष नागरिकों को अंततः पहचान और सम्मान देना एक ऐतिहासिक कदम है.

> इन परिवारों के बारे में सच्चाई को जानबूझकर दबाया गया और कोई भी उनके आंसू पोंछने नहीं आया. सभी जानते थे कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी क्रूर हत्याओं में शामिल थे, लेकिन किसी ने भी हजारों बुजुर्ग माता-पिता, पत्नियों, भाइयों या बहनों को न्याय नहीं दिलाया. सिन्हा ने कहा कि प्रशासन अब उन सभी परिवारों के दरवाजे तक पहुंचेगा जो दशकों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उनके लिए रोजगार, पुनर्वास और आजीविका की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.

> **हमें 90 के दशक से मिल रही शिकायतें**
> उन्होंने कहा कि आतंकवाद पीड़ितों की शिकायतें दर्ज करने के लिए जिलों में हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं. उन्होंने कहा, हमें 90 के दशक से भी सैकड़ों शिकायतें मिल रही हैं. कई मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई, जमीनों पर अतिक्रमण किया गया और संपत्तियां ध्वस्त कर दी गईं और मैं लोगों को आश्वस्त करता हूँ कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा. सिन्हा ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने हाल ही में अनंतनाग में कुछ आतंकवाद पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और यह उनके लिए बेहद भावनात्मक मुलाकात थी, क्योंकि उन्हें सहायता और समर्थन दिया गया था.



# श्रावणी मेला में उमड़ा आस्था का सैलाब

- बाबा बैद्यनाथ धाम में पहली सोमवारी पर भारी भीड़
- 8 किमी लंबी कांवर कतार कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय

**देवघर, 14 जुलाई. झारखंड में राजकीय श्रावणी मेला 2025, के प्रथम सोमवारी को बाबा बैद्यनाथ मंदिर का पट प्रातः 4:12 बजे खुलते ही जलार्पण शुरू हो गया.**

रात्रि से कतारबद्ध श्रद्धालुओं की कतार नंदन पहाड़ होते हुए करीब आठ किलोमीटर चमारीडीह पुल तक पहुंच गई. सभी कांवरिया कतारबद्ध हो बाबा का जयघोष करते हुए निरंतर आगे बढ़ रहे हैं. जलार्पण शुरू होते शिवभक्तों की गूंज से पूरा रूट लाईन गुंजायमान है. पहली सोमवारी को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पड़ने वाले रुटलाइन का निरीक्षण किया.

> इसके अलावे उपायुक्त ने नेहरू पार्क स्तिथ आईएमसीआर कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर मेला को लेकर की गई तैयारियों की वस्तुस्थिति का जायजा लिया. साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को मेला के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिया,

# बिहार बना क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में हाल ही में बढ़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है. सोमवार को उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार भारत की अपराध राजधानी बन गया है.**

गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी कोटे के मंत्री कमीशन कमाने में व्यस्त हैं. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जोर देकर कहा कि इस बार का चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि बिहार को बचाने का है. उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए बताया कि बिहार में पिछले 11 दिनों में 31 हत्याएं हुई हैं, जो राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाती हैं. राहुल गांधी ने अपने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, बिहार बना भारत की अपराध राजधानी - हर गली में डर, हर घर में बेचैनी. बेरोजगार युवाओं को हत्यारा बना रहा है गुंडाराज.

> उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया, मुख्यमंत्री कुर्सी बचा रहे हैं, भाजपा के मंत्री कमीशन कमा रहे हैं. गांधी ने अपनी बात दोहराते हुए कहा, मैं फिर दोहरा रहा हूं कि इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी 15 जुलाई, मंगलवार को लखनऊ आ सकते हैं. राहुल गांधी के लखनऊ दौरे का एक मुख्य कारण भारतीय सेना पर उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में कोर्ट में होने वाली सुनवाई भी है. पिछली कुछ सुनवाइयों में उनकी अनुपस्थिति के बाद उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने की मांग की गई थी.



# गंगा का जलस्तर बढ़ने से किसान चिंतित

- भदोही में बाढ़ चौकियां अलर्ट, हिमाचल में भारी तबाही
- बारिश का कहर, मंडी बना तबाही का केंद्र



**नईदिल्ली, 14 जुलाई. पूर्वी उत्तर प्रदेश के भदोही में गंगा के लगातार बढ़ते जल स्तर से किसानों की चिंता काफी बढ़ गई है. बाढ़ से निपटने के लिए बनाई गई लगभग दो दर्जन बाढ़ चौकियां को पूरी तरह अलर्ट मोड पर कर दिया गया है.**

मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने से गंगा का जल स्तर काफी तेजी से बढ़ रहा है. जिसका सीधा असर भदोही समेत पूर्वांचल के अन्य जिलों में दिखाई पड़ रहा है. जिले में अभी औसत से काफी कम बारिश हुई है, बावजूद इसके गंगा नदी का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ रहा है. हालांकि गंगा नदी को छोड़ उसकी लगभग अन्य सभी सहायक नदियों में जलस्तर काफी कम है.


वहीं मूसलाधार बारिश को लेकर मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और शिमला सहित कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है.

> मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 48 घंटों में कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश, गरज के साथ छींटे और बिजली चमकने का अनुमान है. इसके कारण बचाव एवं राहत अभियान में बाधा उत्पन्न हो सकती है. मंडी जिला तबाही का केंद्र बना हुआ है. जिले में बारिश से संबंधित घटनाओं में अब तक सबसे ज़्यादा मौतें हुयी हैं. राज्य आपदा प्रतिक्रिया केंद्र के अनुसार 20 जून से अब तक 98 लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौतें भी शामिल हैं.

## युक्रेन में दस स्थानों पर रूसी ड्रोन हमले

**कीव.** रूसी सेना ने रविवार रात यूक्रेन के 10 ठिकानों को लक्ष्य बनाते हुए जबर्दस्त ड्रोन हमले किये. यूक्रेनी वायु सेना ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी दी है. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पिछली रात रुस ने 136 ड्रोनों से युक्रेन के दस स्थानों पर हमले किये. युक्रेनी वायु सुरक्षा बल ने दावा किया है कि इनमें से 108 ड्रोनों को निष्क्रिय कर दिया गया. इन 136 ड्रोनों में डिकॉय ड्रोन भी शामिल थे. डिकॉय ड्रोन मानवरहित हवाई वाहन होते हैं, जिन्हें रक्षा उद्देश्यों के लिए रणनीतिक रुप से डिजाइन किया जाता है. युक्रेन वायु सुरक्षा बल ने बताया कि उन्होंने 61 ड्रोनों को मार गिराया.

### एक नजर में



## श्याम मंदिर से दस लाख की चोरी

**रायगढ़.** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की कोतवाली थाना क्षेत्र के श्याम मंदिर में अज्ञात चोरों ने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर लगभग 10 लाख रुपये की संपत्ति चुरा ली. चोरी की यह घटना मंदिर के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह जब मंदिर के पुजारी मंदिर पहुंचे तो उन्होंने मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ पाया. मंदिर के अंदर श्याम बाबा के गले का सोने का हार, तीन सोने के छत्तर, पुजारी के डेढ़ लाख रुपये नकद और दान पेटी में रखी नकदी चोरी होने की जानकारी सामने आई. सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और सीएसपी डॉग स्काड के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. कोतवाली पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है.

## ट्रांसफार्मर चोर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बुलन्दशहर.** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के ककोड़ क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद बिजली के ट्रांसफर चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ट्रांसफार्मर में लगने वाली तांबे की प्लेटें एवं उपकरण बरामद किये. पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद ने सोमवार को बताया कि 13/14 जुलाई की रात ककोड़ पुलिस व स्वाट टीम ग्राम दस्तूरा स्थित पुलिस चौकी के पास संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रही थी कि ग्राम कुटवाया के जंगल में बदमाशों द्वारा एक ट्रांसफार्मर चोरी करने का प्रयास किए जाने की पुलिस को सूचना प्राप्त हुई.

## विश्व के सबसे वृद्ध राष्ट्रपति फिर से लड़ेंगे चुनाव

**याउंडे.** कैमरून के 92 वर्षीय राष्ट्रपति पॉल बिया ने इस वर्ष 12 अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में आठवीं बार चुनाव लड़ने की घोषणा की है. राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में इस आशय की जानकारी दी गई. रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति पॉल बिया ने स्वयं ही घोषणा की है कि वह आठवीं बार चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने अपनी एक पोस्ट में कहा कि देश के सभी क्षेत्रों और समुदायों के लोगों के आह्वान को देखते हुए यह निर्णय लिया है.

## मुख्यमंत्री नीतीश का वादा जुमलेबाज़ी : मायावती

**लखनऊ.** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने की घोषणा को हकीकत से दूर व जुमलेबाजी करार दिया है. मायावती ने एक्स पर लिखा बिहार में कानून-व्यवस्था की बदहाल स्थिति की राष्ट्रीय चर्चाओं के बीच, संभवतः लोगों का ध्यान बाँटने के लिए, राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार के मुख्यमंत्री नीतिश द्वारा चुनाव बाद सरकार बनने पर अगले 5 साल में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोज़गार उपलब्ध कराने की घोषणा वास्तव में लोगों को हकीकत से दूर है.

# राधिका हत्याकांड में डिजिटल सुराग

## आईफोन डाटा से मिलेंगे राधिका की हत्या के सुराग

- हत्या से पहले डिलीट हुए अकाउंट
- आईफोन डिकोडिंग में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. राज्य-स्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या की जांच अब उनके मोबाइल फोन के डेटा पर केंद्रित हो गई है. पुलिस डिलीट किए गए डेटा को पुनः प्राप्त करने का प्रयास कर रही है, जिससे उनकी मौत से पहले की परिस्थितियों पर प्रकाश पड़ सकता है.**

राधिका की कथित तौर पर उनके पिता दीपक यादव ने गुरुवार को गुरुग्राम के सुशांत लोक इलाके में स्थित अपने दो मंजिला घर में गोली मारकर हत्या कर दी थी. घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार किए गए पिता ने कथित तौर पर हत्या कबूल कर ली है. पुलिस ने राधिका के आईफोन को डीआईटीईसीएच को भेजा है, जिसका उद्देश्य डिवाइस को अनलॉक करना और किसी भी डिलीट किए गए संदेश, मीडिया और संचार को पुनः प्राप्त करना है. सूत्रों के अनुसार, फोन लॉक था, और माता-पिता को पासवर्ड नहीं पता था, इसलिए डिवाइस को डीआईटीईसीएच को डिकोड करने के लिए भेजना पड़ा.

### आज का इतिहास

1904 : अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना.
1916 : दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरुआत.
1926 : मुम्बई में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत.
1961 : स्पेन ने पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों को स्वीकार किया.
1979 : भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया.
2004 : माओवादियों से वार्ता में नेपाल के प्रधानमंत्री ने विदेशी मध्यस्थता मंजूर की.



# यूक्रेन को ट्रंप देंगे पैट्रियट मिसाइलें

- अमेरिका ने हथियार आपूर्ति रोकने का फैसला पलटा
- यूरोपीय संघ करेगा भुगतान खर्च

**वाशिंगटन, 14 जुलाई. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि रूस के साथ युद्ध में फंसे यूक्रेन की मदद के लिए वह उसे घातक पैट्रियट मिसाइलें देंगे.**

ट्रम्प ने यहां एंड्रूज बेस पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि वह अभी इनकी संख्या पर सहमत नहीं हैं, लेकिन यूक्रेन को कुछ मिसाइलें मिलेंगी क्योंकि उन्हें सुरक्षा की ज़रूरत है. यूरोपीय संघ इसके लिए भुगतान कर रहा है. हम इसके लिए कुछ भी भुगतान नहीं कर रहे हैं. अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने वास्तव में बहुत से लोगों को चौंका दिया है. वह बातें तो अच्छी करते हैं और फिर शाम को सभी पर बमबारी कर देते हैं. इसमें थोड़ी समस्या है और यह उन्हें पसंद नहीं है. जब उनसे पूछा गया कि क्या वह रूस पर प्रतिबंधों की घोषणा करेंगे, तो उन्होंने इसे कल पर टाल दिया.

### नया कानून बना कर रूस पर नये प्रतिबंध लगाए जाएं

गौरतलब है कि दो सप्ताह पहले अमेरिका ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोक दी थी, लेकिन अब उसने इस फैसले को पलट दिया है. अमेरिकी सीनेटर अलग दबाव बना रहे हैं कि नया कानून बना कर रूस पर नये प्रतिबंध लगाए जाएं. यह दबाव बनाने में सत्तारुढ़ रिपब्लिकन सांसद लिंडसे ग्राहम और विपक्षी डेमोक्रेट सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथल की खास भूमिका है. यह नया कानून अगर बनता है तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से यूरेनियम, गैस और तेल खरीदने वाले देशों से आयात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की शक्ति प्रदान करेगा.

# भारत-सऊदी अरब के बीच रिश्ते मजबूत

- फार्मास्युटिकल क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समझौते हुए
- मंत्री बंदार बिन इब्राहिम अल खोरेयफ से मुलाकात की

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा सऊदी अरब यात्रा के दौरान भारत और सऊदी अरब के बीच उर्वरक, फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण समझौते हुए. इस यात्रा में नड्डा के साथ**



**उर्वरक विभाग और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे.**

रियाद में नड्डा ने सऊदी उद्योग एवं खनिज संसाधन मंत्री बंदार बिन इब्राहिम अल खोरेयफ से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स और फार्मा क्षेत्र में सहयोग की रूपरेखा तय की गई.

> इस दौरान भारतीय कंपनियों—आईपीएल, कृभको और सीआईएल—के साथ सऊदी कंपनी मादेन के बीच 3.1 मिलियन मीट्रिक टन डाएमोनियम फॉस्फेट की आपूर्ति हेतु पांच वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे आगे 5 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है. इसके अतिरिक्त, यूरिया समेत अन्य उर्वरकों पर भी दीर्घकालिक सहयोग की सहमति बनी.

## कांग्रेस ने हिंदू आस्था को दरकिनार किया : भाजपा

**नई दिल्ली.** भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने और करोड़ों हिंदुओं की आस्था की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है. श्रावण मास के पहले सोमवार को भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर कांग्रेस पर सीधा हमला बोला. भाजपा ने कहा, सनातन परंपरा भारत की प्राचीन पहचान रही है. मंदिरों की घंटियों की गूंज, प्रार्थना के स्वर और ईश्वर में अटूट विश्वास इस देश की आत्मा हैं. लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने तुष्टिकरण की राजनीति के चलते इन मूल्यों को बार-बार दरकिनार किया है.

**गुणवत्ता सुधार** — बच्चों की उपस्थिति में आई गिरावट, कोर्ट में स्कीम को दी चुनौती

# पेयरिंग स्कीम से 5,000 से ज़्यादा स्कूल बंद होने का खतरा

- 10 साल में लगभग 89 हजार सरकारी स्कूल हुए बंद

**लखनऊ, 14 जुलाई. उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा लागू की गई पेयरिंग स्कीम के कारण राज्य के लगभग 5,000 प्राथमिक स्कूलों के बंद होने का खतरा मंडरा रहा है. इस योजना के तहत कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय करने का निर्देश दिया गया है, जिस पर राजनीतिक दलों, अभिभावकों और शिक्षक संघों ने गंभीर चिंता व्यक्त की है.**

केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 साल में देश भर में लगभग 89 हजार सरकारी स्कूल बंद हुए हैं, जिनमें से करीब 25 हजार अकेले उत्तर प्रदेश में हैं. हालांकि, इन स्कूलों के बंद होने की वजह स्पष्ट नहीं की गई थी. अब योगी सरकार की पेयरिंग स्कीम ने एक नई बहस छेड़ दी है. सरकार ने 50 से कम बच्चों वाले प्राथमिक स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय करने का निर्देश दिया है. बेसिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कुमार ने 16 जून के आदेश में कहा था कि अपर्याप्त छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय से प्रबंधन बेहतर हो पाएगा और शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी. सरकार का तर्क है कि यह कदम बेहतर शिक्षा के लिए उठाया जा रहा है.



हालांकि, सरकार ने 50 बच्चों का मानक बनाया है, लेकिन हर जिले में स्कूल प्रशासन अलग-अलग मानक के अनुसार काम कर रहा है. प्रदेश के योजना विभाग के 2021-22 के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में 1.4 लाख प्राथमिक स्कूल हैं, जिनमें से 22,016 स्कूलों में 50 से कम बच्चे हैं. विपक्षी दलों का कहना है कि यह योजना गरीब और ग्रामीण बच्चों के भविष्य पर सीधा हमला है. प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी इस कदम का विरोध किया है.

> संघ का दावा है कि सरकार ने प्रवेश की उम्र छह साल कर दी है और बिना आधार वाले बच्चों को पैसा नहीं मिलता, जिससे प्रवेश संख्या में कमी आई है. इस स्कीम के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका भी दायर की गई थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया. याचिका में कहा गया था कि विलय के कारण छोटे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और वे स्कूल छोड़ सकते हैं, साथ ही यह शिक्षा के अधिकार कानून के प्रावधानों का उल्लंघन भी है, क्योंकि छोटे बच्चों के लिए स्कूल दूर हो जाएंगे.

# विकसित भारत के लिए विकसित गांव का लक्ष्य जरूरी : चंद्रशेखर

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर ने सोमवार को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने के लिए 'विकसित गांव' की अवधारणा को आवश्यक बताया. उन्होंने कहा कि एक विकसित गांव वह होगा जहाँ हर परिवार के पास पक्का मकान, सड़क से जुड़ाव, युवाओं के लिए रोजगार, और महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता होगी.**

पेम्मासानी ग्रामीण विकास मंत्रालय की कार्य निष्पादन समीक्षा समिति की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि यह सपना दूर नहीं, बल्कि एक संगठित और प्रतिबद्ध प्रयास से साकार किया जा सकता है. उन्होंने कहा, हम केवल योजनाएं लागू नहीं कर रहे.

> **प्रमुख योजनाओं की उपलब्धियां**
> - मनरेगा हर साल 90,000-1,00,000 करोड़ रुपये का निवेश; 250 करोड़ मानव-दिवस सृजित; 36 करोड़ जॉब कार्ड और 15 करोड़ श्रमिक लाभान्वित.
> - मंत्री ने सुझाव दिया कि केवल वेतन भुगतान नहीं, बल्कि सार्थक परिसंपत्ति निर्माण को प्राथमिकता दी जाए.

## धनुष-बाण चिन्ह विवाद पर सुप्रीम कोर्ट अगस्त में करेगा विचार

**नयी दिल्ली.** उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना चुनाव चिन्ह आवंटन विवाद पर कहा कि इससे संबंधित मुख्य मामले पर अगस्त में कोई निर्णय लिया जाएगा. न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को शिवसेना का चुनाव चिन्ह धनुष-बाण आवंटन की वैधता से संबंधित विवाद पर अंतरिम विचार करने के बजाय मुख्य मामले पर अगस्त में फैसला करना बेहतर होगा. शिवसेना ने शीर्ष अदालत में आवेदन के जरिए गुहार लगाते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर इस पर शीघ्र सुनवाई करें.